HSSC

परीक्षा हेतु हरियाणा राज्य के करेंट अफेयर्स (जनवरी माह)

Prep Smart. Score Better. Go gradeup

www.gradeup.co

जनवरी 2019

1. **भारत-म्यांमार द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास (IMBEX) का दूसरा संस्करण चांदीमंदिर में आयोजित :-**
   - 14 जनवरी, 2019 को भारत और म्यांमार की सेनाओं के बीच भारतीय सेना की पश्चिमी कमान के मुख्यालय चांदीमंदिर, चंडीगढ़ में IMBEX सैन्य अभ्यास शुरू हुआ।
2. **रेणुकाजी बहुउद्देश्यीय बांध परियोजना :-**
   - केन्द्रीय जल संसाधन, जहाजरानी, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने यमुना नदी के ऊपरी बेसिन में रेणुकाजी बहुउद्देश्यी बांध परियोजना के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

   संबंधित जानकारी -

   - उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में यमुना नदी और इसकी दो सहायक नदियों - टोन्स और गिरी पर तीन संग्रहण जल परियोजनाओं का निर्माण किए जाने का प्रस्ताव है।
   - ये परियोजनाएं हैं :-
     - i. उत्तराखंड में यमुना नदी पर लखवर परियोजना
     - ii. उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में टोन्स नदी पर किशाउ परियोजना
     - iii. हिमाचल प्रदेश में गिरी नदी पर रेणुकाजी बांध परियोजना
   - वर्ष 2008 में इन परियोजनाओं को राष्ट्रीय परियोजनाओं का दर्जा दिया गया था जिसके तहत सिंचाई और पेयजल उपकरणों की 90% लागत का वहन भारत सरकार की ओर से केन्द्रीय मदद के रूप में होगा तथा शेष 10% लागत का वहन लाभान्वित राज्य करेगा।
   - इस परियोजना का क्रियान्वयन हिमाचल प्रदेश ऊर्जा निगम लिमिटेड (HPPCL) द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।
3. **22वां AIIMS हरियाणा में स्थापित होगा :-**
   - यह हरियाणा के रेवाड़ी जिले में मनेथी गांव में बनाया जाएगा।
   - AIIMS एक स्वायत्त संस्था है जिसे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान अधिनियम, 1956 के अधीन स्थापित किया गया था। यह अधिनियम AIIMS को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान की स्थापना करने की अनुमति देता है।
4. **खेलो इंडिया युवा खेल कार्यक्रम (दूसरा संस्करण) :-**
   - खेलो इंडिया युवा खेल कार्यक्रम के इस दूसरे संस्करण में महाराष्ट्र शीर्ष पर रहा।
     नोट: महाराष्ट्र ने 228 पदकों (85 स्वर्ण, 62 रजत और 81 कांस्य पदक) के साथ पदक तालिका में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।
   - हरियाणा 178 पदकों (62 स्वर्ण, 56 रजत और 60 कांस्य पदक) के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा।

SSC 2019 प्लस पैक फ्री मॉक लें

5. **विनेश फोगाट प्रतिष्ठित लॉरेस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए नामांकित होने वाली पहली भारतीय एथलीट खिलाडी बन गई हैं।**
6. **11वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा के पंचकुला में मां मनसा देवी मंदिर परिसर में 23 से 29 जनवरी, 2019 के बीच हुआ।**
7. 26 जनवरी, 2019 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर 19340 फुट की ऊंचाई पर चढ़ने वाली मनीषा पहली पर्वतारोही बन गई हैं। मनीषा फतेहाबाद के वनवाली गांव से संबंध रखती हैं।
8. 28 जनवरी, 2019 को हरियाणा में पहली बार जिंद सीट पर दुबारा चुनाव में VVPAT मशीनों का उपयोग हुआ।
9. हरियाणा में कुरुक्षेत्र जिले को राष्ट्रीय कार्यक्रम **बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ अभियान** के तहत PC & PNDT अधिनियम के उचित क्रियान्वयन की श्रेणी में असाधारण कार्य करने के लिए पुरस्कार प्राप्त हुआ है।
10. हरियाणा में झज्जर जिले को राष्ट्रीय कार्यक्रम **बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ अभियान** में असाधारण कार्य करने के लिए पुरस्कार मिला है।
11. करनाल जिले को राष्ट्रीय कार्यक्रम बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ अभियान में प्रभावी सामुदायिक भागीदारी श्रेणी में असाधारण कार्य के लिए पुरस्कार प्राप्त हुआ है।
12. करनाल में एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर का वाहन प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान निर्मित किया जा रहा है। 25 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले वाहन प्रशिक्षण संस्थान के 15 अप्रैल, 2019 तक तैयार हो जाने की उम्मीद है। यह संस्थान होंडा कंपनी द्वारा बनाया जा रहा है।
13. हरियाणा के गुरुग्राम में राज्य का पहला पालतु पशु चिकित्सा क्लिनिक बनाया जा रहा है।
14. हरियाणा सरकार ने एसिड हमले (तेजाब हमले) से पीड़ित और महिलाओं को 5 से 9 हजार रूपए मासिक पेंशन देने की योजना शुरू की है।
15. हरियाणा सरकार ने यमुनानगर जिले के खिज़्राबाद शहर का नाम बदलकर प्रतापनगर कर दिया है।
16. देश की पहली डिजिटल हस्ताक्षर भाषा प्रयोगशाला गुरुग्राम, हरियाणा में शुरू हुई है।
17. अनीश भनवाला को 22 जनवरी को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। ये हरियाणा के करनाल जिले के निवासी हैं।

***

SSC 2019 प्लस पैक
फ्री मॉक लें

SSC 2019 प्लस पैक

1. 600+ टेस्ट नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित
2. हिंदी तथा इंग्लिश में उपलब्ध
3. ऑल इंडिया रैंक और प्रदर्शन विश्लेषण
4. समाधान का विस्तृत विवरण
5. टॉपिक टेस्ट & विडियो कोर्स
6. वेब और मोबाइल पर उपलब्ध

gradeup